कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला न्यायालय, सोनीपत।

<u>रोजगार सूचना</u>

सोनीपत सत्र–मण्डल के अन्तर्गत सभी न्यायिक अदालतों हेतु सातवें वेतन आयोग के अन्तर्गत वेतनमान रुपये 16,900–53,500/– (एफ.पी.एल–डी.एल) में चपरासी के 11 (ग्यारह) और तामीलकर्ता के 2 (दो) अस्थाई रिक्त पदों की सीधी भर्ती के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला न्यायालय, सोनीपत, के कार्यालय में आवेदन–पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं। उपरोक्त पदों हेतु आवश्यक योग्यता, आरक्षण श्रेणिया व आयु सीमा का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:–

1. <u>तामीलकर्ता</u>

<u>योग्यता:–</u>

जो उम्मीद्वार दसवीं कक्षा उत्तीर्ण हो तथा हिन्दी अथवा पंजाबी का ज्ञान रखता हो, वह आवेदन कर सकता है।

<u>2 चपरासी</u>

<u>योग्यता:–</u>

जो उम्मीद्वार आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हो तथा हिन्दी अथवा पंजाबी का ज्ञान रखता हो, वह आवेदन कर सकता है।

<u>आरक्षण श्रेणियाँ:</u>

पद का नाम	PwBD (लो विजन) (सामान्य)	सामान्य श्रेणी	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	पिछड़ा वर्ग ए	पिछड़ा वर्ग बी	ESM (सामान्य)	कुल
चपरासी	01	05	02	01	01	01	11
तामीलकर्ता	01	01	-	-	-	-	02

<u>आयु सीमा</u>

वे आवदेक जिनकी आयु 01 जनवरी, 2024, तक न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 42 वर्ष है, उपरोक्त पद हेतु आवेदन कर सकते हैं। आरक्षित श्रेणी के उम्मीद्वारों को हरियाणा सरकार द्वारा समय–समय पर बनाये गए नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जायेगी।

<u>अन्तिम तिथि तथा अन्य आवश्यक सूचना</u>

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला न्यायालय, सोनीपत, के कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि **<u>09.12.2024 सायं 05:00 बजे</u>** तक है। आवेदक एक सादे कागज़ पर अपना पूर्ण विवरण जैसे कि पद का नाम, आवेदक का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता,

लिंग, जातिगत श्रेणी जिसके अन्तर्गत आवेदन किया है, अनुभव (यदि है), वर्तमान डाक पता सम्पर्क नम्बर सहित, स्थाई पता, ई–मेल (यदि है), लिखकर आवेदन कर सकता है। आवेदन–पत्र का प्रारूप इस कार्यालय की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। आवेदन–पत्र पर एक पासपोर्ट आकार का स्व–सत्यापित हालिया फोटो चिपका होना चाहिए और सभी शैक्षणिक दस्तावेज़ों व जातिगत श्रेणी तथा अनुभव इत्यादि संबंधित प्रमाण–पत्रों की स्व–सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से संबधित दस्तावेज की प्रतिलिपि संलग़न नहीं करने वाले उम्मीदवार को सामान्य श्रेणी से संबधित उम्मीदवार माना जाएगा। अधूरे तथा बिना आवश्यक दस्तावेज़ों के आवेदन–पत्रों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा।

आवेदक अपना आवेदन–पत्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सोनीपत, के कार्यालय में उपरोक्त तिथि तक ड़ाक/कूरियर द्वारा अथवा प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक दस्ती भी जमा करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कार्यालय डाक/कूरियर विभाग द्वारा आवेदन–पत्रों के वितरण में देरी/आवेदन–पत्रों के प्राप्त न होने व किसी भी प्रकार की गलती के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। जो उम्मीदवार दोनों पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र जमा करना होगा। यदि दोनों पदों के लिए एक ही आवेदन पत्र में आवेदन किया जाता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और उसे अस्वीकृत माना जाएगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि रिक्तियों की संख्या आवश्यकता के अनुसार बिना पूर्व सूचना के बढ़ाई या घटाई जा सकती है। यदि बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो इस कार्यालय को उम्मीदवारों को लघु-सूचीबद्ध करने के लिए उचित मानदंड अपनाने का अधिकार है।

जो इच्छुक उम्मीद्वार सरकारी/अर्ध–सरकारी विभाग, निगमों व बोर्डो में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन–पत्र उचित माध्यम द्वारा भेजें।

साक्षात्कार–विवरण

चपरासी और तामीलकर्ता के रिक्त पदों हेतु साक्षात्कार सम्बन्धित समस्त विवरण सोनीपत सत्र मण्डल की अधिकारिक वेबसाईट **https://districts.ecourts.gov.in/sonipat** पर अपलोड कर दिया जाएगा। **सभी उम्मीदवारों को निर्देशित किया जाता है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर 10.01.2025 के बाद नियमित रूप से जाएं और साक्षात्कार कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त करें।** साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अलग से कोई पत्र–व्यवहार नहीं किया जाएगा और न ही साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का कोई यात्रा–भत्ता/दैनिक–भत्ता दिया जाएगा।

दिनॉक, नवम्बर 14, 2024

(प्रमोद गोयल)
जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला न्यायालय, सोनीपत